**बिहार सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**
**बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी**

## -:कार्यालय आदेश:-

**कार्यालय आदेश संख्या** 862/ **पटना, दिनांक** 13/06/2025
**सं०सं०-BRDS/HR/19/2024**

बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी अंतर्गत **जिला स्तरीय पद** यथा-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला वित्त प्रबंधक, जिला अंकेक्षण प्रबंधक, जिला सहायक वित्त प्रबंधक, जिला सहायक अंकेक्षण प्रबंधक, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, लेखा सहायक एवं अंकेक्षण सहायक एवं **प्रखण्ड स्तरीय पद** यथा-कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, लेखापाल एवं कंप्यूटर ऑपरेटर का अंतर-जिला स्थानांतरण BRDS कार्यालय आदेश संख्या 856 , दिनांक 13-06-2025 के आलोक में किया जाना है।

उक्त के आलोक में उपर्युक्त वर्णित पदों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अंतर-जिला स्थानांतरण हेतु 05 (पाँच) विकल्प के ऑनलाइन चयनार्थ HRMS पर आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक **20.06.2025** तक निर्धारित की गयी है।

स्थानांतरण से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण अनिवार्य बिंदु निम्नवत हैं :-

1. ऑनलाइन आवेदन करने हेतु प्रपत्र BRDS के वेबसाईट brdshrms.bihar.gov.in पर उपलब्ध होगा।
2. अंतर जिला स्थानांतरण हेतु मनरेगा कर्मियों से Online 05 विकल्प प्राप्त किया जायेगा | प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों /कर्मियों को Online 05 विकल्प भरते समय प्रत्येक जिला का एक प्राथमिकता प्रखंड भरा जाना है |
3. स्थानांतरण हेतु **Cutoff** तिथि **30-06-2025** होगी तथा स्थानांतरण हेतु कालावधि की गणना पूर्व में निर्गत स्थानांतरण आदेश की तिथि से मान्य होगा |
4. Portal पर लॉगिन कर सही-सही सूचनाऐं अंकित करने की पूर्ण जवाबदेही संबंधित पदाधिकारी/कर्मी की होगी। एक बार ऑनलाईन विकल्प भरने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में भरे हुए विकल्प में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा ।
5. निर्धारित तिथि तक स्थानांतरण विकल्प (Transfer Option) नहीं भरने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्थानांतरण कार्यालय द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण के आधार पर किया जाएगा |

अतः सम्बंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित समय-सीमा के अन्दर अपना स्थानांतरण अभ्यावेदन BRDS के वेबसाईट brdshrms.bihar.gov.in पर भरते हुए विकल्प को चयनित करना सुनिश्चित किया जाय।

13/6/25

**(अभिलाषा कुमारी शर्मा)**
आयुक्त मनरेगा-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

**प्रतिलिपि:-**

1. BRDS के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. श्री सरोज कुमार, निदेशक ,ईगवर्नेंस- एवं आई०टी०, BRDS को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मुख्य परिचालन पदाधिकारी, BRDS को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. सचिव के प्रधान आप्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

CamScanner